पत्र संख्या–26/विविध–06–10/2026............................../

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

आदेश

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, समस्तीपुर परिक्षेत्राधीन बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, दलसिंहसराय अंतर्गत गंगा नदी के बाँयें ओर अवस्थित चाँदपुर–धमौन–रसलपुर डॉवेल के कि0मी0 42.041 से कि0मी0 42.111, कि0मी0 42.491 से कि0मी0 42.571 एवं कि0मी0 42.591 से कि0मी0 42.791 के बीच कराये जा रहे कार्य का एकरारनामा सं0–01SBD/2025-26 दिनांक–10.06.2025 (एजेंडा सं0– 225/06/2025) के तहत संवेदक मशरूम अहमद एस0 कंस्ट्रक्शन, प्रो0–मो0 साने अली, ग्राम–अलीनगर, पो0–औरंगाबाद, बिहार, पिन–824101 को आवंटित किया गया।

2. संवेदक द्वारा जाली NSC/TD देने एवं फर्जी कार्यानुभव प्रमाण–पत्र के आधार पर निविदा प्राप्त करने के लिए कार्यपालक अभियंता, दलसिंहसराय के पत्रांक–1730 दिनांक–19.11.2025 द्वारा दलसिंहसराय थाना, जिला–समस्तीपुर में FIR दर्ज कराया गया है, जिसका केस न0–452/2025 दिनांक–19.11.2025 है। उक्त आरोप के लिए मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, समस्तीपुर के पत्रांक–5450 दिनांक–26.12.2025 द्वारा संवेदक मशरूम अहमद एस0 कंस्ट्रक्शन, प्रो0–मो0 साने अली, ग्राम–अलीनगर, पो0–औरंगाबाद, बिहार, (निबंधन सं0–WRD160625C1PR24169798, श्रेणी–प्रथम) को कालीसूची में डाले जाने की अनुशंसा की गयी।

3. मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, समस्तीपुर से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में संवेदक से विभागीय पत्रांक–250 दिनांक–14.01.2026 द्वारा कारण–पृच्छा किया गया। तदोपरांत संवेदक के पत्रांक–06 दिनांक–06.02.2026 द्वारा कारण–पृच्छा प्रत्युत्तर समर्पित किया गया।

4. संवेदक से प्राप्त कारण–पृच्छा प्रत्युत्तर की समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत पाया गया कि संवेदक द्वारा समर्पित NSC जो उप डाकपाल, उप डाकघर HSG(ii), रफीगंज, औरंगाबाद द्वारा निर्गत है, का सत्यापन अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण अंचल, समस्तीपुर के पत्रांक–1311 दिनांक–13.11.2025 द्वारा कराया गया। NSC का सत्यापन में पाया गया कि संवेदक द्वारा समर्पित NSC फर्जी है। निविदा के साथ संलग्न कार्यपालक अभियंता, सुवर्णरेखा नहर प्रमंडल, चाँडिल, झारखंड द्वारा निर्गत कार्यानुभव प्रमाण–पत्र का भी सत्यापन कार्यपालक अभियंता, दलसिंहसराय के पत्रांक–851 दिनांक–24.05.2025 द्वारा कराया गया। कार्यपालक अभियंता, सुवर्णरेखा नहर प्रमंडल, चाँडिल, झारखंड के पत्रांक–463 दिनांक–12.11.2025 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि निविदा में संलग्न कार्यानुभव प्रमाण–पत्र उनके कार्यालय से निर्गत नहीं है।

उक्त से स्पष्ट है कि फर्जी/जाली अभिलेख/कागजात के आधार पर संवेदक द्वारा निविदा प्राप्त किया गया।

फर्जी/जाली अभिलेख/कागजात के आधार पर निविदा प्राप्त किया जाना, बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली–2007 के नियम–11 (क) के उपनियम (vii) के तहत कदाचार की श्रेणी में आता है।

अतः संवेदक मशरूम अहमद एस0 कंस्ट्रक्शन, प्रो0–मो0 साने अली, ग्राम–अलीनगर, पोस्ट–औरंगाबाद, बिहार, पिन–824101 (निबंधन सं0–WRD160625C1PR24169798, श्रेणी–प्रथम) को बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के नियम–11 (क) के

उपनियम (vii) में प्रावधानित कदाचार के तहत दोषी पाते हुए विभागीय आदेश सं0–201 दिनांक–14.03.2016 के आलोक में अगले 10 वर्षों के लिए कालीकृत किया जाता है।

ह0/–
(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांक :– 26/विविध–06–10/2026 पटना/दिनांक :..

प्रतिलिपिः– संवेदक मशरूम अहमद एस0 कंस्ट्रक्शन, प्रो0–मुहम्मद साने अली, ग्राम–अलीनगर, पो0–औरंगाबाद, बिहार, पिन–824101 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26/विविध–06–10/2026 पटना, दिनांक :..

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, जल संसाधन विभाग/पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26/विविध–06–10/2026 पटना, दिनांक :..

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना/सभी अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग/सभी मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग/अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण यो0 एवं मो0, अंचल, पटना/अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0, अंचल–2,3,4, पटना/निदेशक, क्रय भंडार एवं सामग्री प्रबंधन, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26/विविध–06–10/2026 पटना, दिनांक :..

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, समस्तीपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26/विविध–06–10/2026 1206 पटना, दिनांक :26|02|26........................

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, प्रभारी आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।